हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 02 नवंबर 2021, बरेली, उत्तर प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

Page No : 06 Right Middle

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में विद्या भवन चैंपियन

बरेली। श्री राममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में विद्या भवन स्कूल ने मिशन अकादमी को दस विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। एसआरएमएस मैदान पर मिशन अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 87 रनों पर सिमट गई। विद्या भवन के लिए सौरभ कुमार ने तीन और दक्ष चंदेल ने दो विकेट चटकाए। विद्या भवन ने सिद्धार्थ गौतम के 40 और सिद्धार्थ पाल के 41 रनों की बदौलत दस विकेट से शानदार जीत हासिल की। सिद्धार्थ पाल को मैन आफ द मैच चुना गया। विद्या भवन ने 2018 में भी यह खिताब जीता था। मिशन अकादमी के असद नदफ को मैन आफ दि टूर्नामेंट और मो आरिश को बेस्ट बालर चुना गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने विजेता टीम को ट्राफी सौंपी। साथ ही उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया।